भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †1748
सोमवार, 13 फरवरी, 2023/24 माघ, 1944 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

प्रसाद स्कीम के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाएं

†1748. श्री बी.बी. पाटील:
श्री अजय निषाद:
क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार 'तीर्थयात्रा कायाकल्प और आध्यात्मिक संवर्धन अभियान (प्रसाद) स्कीम' का कार्यान्वयन कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) प्रसाद योजना के अंतर्गत अभी तक अनुमोदित परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है, तेलंगाना और बिहार सहित राज्य-वार ब्यौरा प्रदान करें;

(ग) क्या सरकार के पास उक्त स्कीम के अंतर्गत तेलंगाना और बिहार में परियोजनाओं को कार्यान्वित करने हेतु कोई अन्य प्रस्ताव है;

(घ) प्रसाद के अंतर्गत अभी तक स्वीकृत निधियों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) राज्य सरकारों द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों, जो अभी लंबित हैं, का राज्य-वार ब्यौरा क्या है तथा स्कीम के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए सरकार द्वारा अन्य क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(च) तेलंगाना और बिहार राज्य सहित देश भर में पर्यटकों के लिए उक्त स्कीम के अंतर्गत विकसित आधारभूत संरचना और आवश्यक सुविधाओं का राज्य-वार/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री जी. किशन रेड्डी)

(क): जी हां, महोदय। पर्यटन मंत्रालय यथा तीर्थस्थल जीर्णोद्धार एवं आध्यात्मिक, विरासत संवर्धन अभियान पर राष्ट्रीय मिशन (प्रशाद) योजना के तहत देशभर में पहले से चिह्नित गंतव्यों पर तीर्थ और/या विरासत पर्यटन अवसंरचना के सृजन के लिए राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को केंद्रीय वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

(ख) और (घ): योजना के तहत बिहार और तेलंगाना राज्य सहित देश में अनुमोदित परियोजनाओं और स्वीकृत निधियों का राज्यवार विवरण अनुबंध में दिया गया है।

(ग) और (ङ): प्रशाद योजना के तहत गंतव्यों की पहचान और परियोजनाओं का अनुमोदन एक सतत प्रक्रिया है, जिसे संबंधित राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों से उपयुक्त परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर निष्पादित किया जाता है।

(च): योजना के तहत अनुमोदित की जा रहीं अवसंरचना संबंधी सुविधाओं में गंतव्य प्रवेश बिन्दु यथा यात्री टर्मिनल (सड़क, रेल और जल परिवहन के) का विकास/उन्नयन, एटीएम/मुद्रा विनिमय काउंटर सहित पर्यटन सूचना/इंटरप्रिटेशन/सुविधा केंद्र जैसी आधारभूत सुविधाएं, अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी, पाथवेज़, पर्यावरण अनुकूल परिवहन माध्यमों के लिए उपकरण तथा प्रकाश और ध्वनि शो जैसी पर्यटक गतिविधियों के लिए उपकरण की प्राप्ति, सोलर लाइट, सौर ऊर्जा प्रणाली जैसे ऊर्जा के नवीकरणीय स्रोत, इलैक्ट्रिक चार्जिंग पॉइंट, वर्षा जल संचयन, पार्किंग सुविधा, पेयजल, शौचालय/बाथरूम, चेनजिंग रूम, क्लॉक रूम, प्रतीक्षा कक्ष, शिल्प हाट/बाज़ार/सुविनियर शॉप/कैफ़ेटेरिया, रेन शेल्टर, वॉच टावर, प्राथमिक उपचार केंद्र, टेलीफ़ोन बूथ, मोबाइल सेवा, वाई-फ़ाई हॉटस्पॉट की स्थापना से दूरसंचार में सुधार, सॉफ्ट और हार्ड लैंडस्केपिंग, तटबंधों का विकास और प्राकृतिक जलाशयों का जीर्णोद्धार, कूड़ेदान, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन जैसे स्वच्छता संबंधी घटक, लाईटिंग, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी प्रणाली, संकेतक आदि का प्रावधान शामिल है।

*****

अनुबंध

प्रसाद स्कीम के अंतर्गत अनुमोदित परियोजनाएं के सम्बन्ध में दिनांक 13.02.2023 के लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या †1748 के भाग (ख) और (घ) के उत्तर में विवरण

पर्यटन मंत्रालय की प्रशाद योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार विवरण

| | | | | (करोड़ रु. में) | |
|---|---|---|---|---|---|
| राज्य / संघ राज्य क्षेत्र | परियोजना की संख्या | परियोजना का नाम | स्वीकृति वर्ष | अनुमोदित लागत | जारी की गई राशि |
| आंध्र प्रदेश | 1. | पर्यटन स्थल के रूप में अमरावती टाउन, गुंटूर जिले का विकास** | 2015-16 | 27.77 | 27.77 |
| | 2. | श्रीशैलम मंदिर का विकास** | 2017-18 | 43.08 | 43.08 |
| | 3. | विशाखापत्तनम में सिंहाचलम में श्री वराह लक्ष्मी नरसिम्हा स्वामी वारी देवस्थानम में तीर्थ संबंधी सुविधाओं का विकास | 2022-23 | 54.04 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 14.12.2022 |
| अरुणाचल प्रदेश | 4. | परशुराम कुंड, लोहित जिला का विकास | 2020-21 | 37.88 | 7.34 |
| असम | 5. | गुवाहाटी में और इसके आसपास कामाख्या मंदिर तथा तीर्थस्थलों का विकास** | 2015-16 | 29.80 | 29.80 |
| बिहार | 6. | विष्णुपद मंदिर, गया, बिहार में बुनियादी सुविधाओं का विकास** | 2014-15 | 4.27 | 2.91 |
| | 7. | पटना साहिब का विकास** | 2015-16 | 41.54 | 33.23 |
| छत्तीसगढ़ | 8. | माँ बम्लेश्वरी देवी मंदिर, राजनंदगाँव, डूंगरगढ़, छत्तीसगढ़ का विकास | 2020-21 | 43.33 | 24.33 |
| गुजरात | 9. | द्वारका का विकास** | 2016-17 | 13.08 | 10.46 |
| | 10. | सोमनाथ में तीर्थयात्री सुविधाएं** | 2016-17 | 45.36 | 45.36 |
| | 11. | प्रशाद योजना के तहत सोमनाथ में प्रोमेनेड का विकास** | 2018-19 | 47.12 | 47.12 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 12. | सोमनाथ गुजरात में क्यू मैनेजमैंट सहित तीर्थयात्री प्लाजा का विकास | 2021-22 | 49.97 | केवल प्रशासनिक अनुमोदन 10.03.22 |
| | 13. | बनासकांठा, गुजरात के अम्बाजी मंदिर में तीर्थस्थल पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 50.00 | 10.54 |
| हरियाणा | 14. | पंचकुला जिले में नाडा साहेब गुरुद्वारा और माता मंशा देवी मंदिर का विकास | 2019-20 | 49.52 | 28.77 |
| जम्मू एवं कश्मीर | 15. | हजरतबल में विकास | 2016-17 | 40.46 | 32.37 |
| झारखंड | 16. | वैद्यनाथजी धाम, देवघर का विकास** | 2018-19 | 39.13 | 31.23 |
| केरल | 17. | गुरुवायूर मंदिर का विकास** | 2016-17 | 45.19 | 45.19 |
| मध्य प्रदेश | 18. | ओंकारेश्वर का विकास | 2017-18 | 43.93 | 43.93 |
| | 19. | अमरकंटक का विकास | 2020-21 | 49.99 | 4.86 |
| महाराष्ट्र | 20. | त्रियंबकेश्वर का विकास | 2017-18 | 52.92 | 27.67 |
| मेघालय | 21. | मेघालय में तीर्थ यात्रा सुविधाओं का विकास | 2020-21 | 29.32 | 17.59 |
| मिज़ोरम | 22. | प्रशाद योजना के तहत मिजोरम राज्य में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन के लिए अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 44.88 | 22.12.22 को प्रशासनिक अनुमोदन |
| नागालैंड | 23. | नागालैंड में तीर्थस्थल अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 25.26 | 21.33 |
| | 24. | प्रशाद योजना के तहत जुन्हेबोटो, नागालैंड में तीर्थयात्रा और पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 18.18 | 22.12.22 को प्रशासनिक अनुमोदन |
| ओडिशा | 25. | मेगा परिपथ के तहत पुरी में श्री जगन्नाथ धाम - रामचंडी - देउली में प्राची नदी तट पर अवसंरचना विकास## | 2014-15 | 50.00 | 10.00 |
| पंजाब | 26. | अमृतसर में करुण सागर वाल्मीकि | 2015-16 | 6.40 | 6.40 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | स्थल का विकास** | | | |
| | 27. | प्रशाद योजना के तहत रोपड़, पंजाब में चमकौर साहिब का विकास | 2021-22 | 31.57 | 7.26 |
| राजस्थान | 28. | पुष्कर / अजमेर का एकीकृत विकास | 2015-16 | 32.64 | 26.11 |
| सिक्किम | 29. | युकसोम में फोर पेट्रन सेंट्स में तीर्थयात्रा सुविधा का विकास | 2020-21 | 33.32 | 18.50 |
| तमिलनाडु | 30. | कांचीपुरम का विकास** | 2016-17 | 13.99 | 13.99 |
| | 31. | वेलंकनी का विकास** | 2016-17 | 4.86 | 4.86 |
| तेलंगाना | 32. | जोगुलम्बा देवी मंदिर, आलमपुर का विकास | 2020-21 | 36.73 | 13.76 |
| | 33. | तेलंगाना के भद्राचलम, भादाद्री कोट्टागुडम जिले में तीर्थ अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 41.38 | 22.12.22 को प्रशासनिक अनुमोदन |
| | 34. | रुद्रेश्वर (रामप्पा) मंदिर, मुलुगु में तीर्थयात्रा और विरासत पर्यटन अवसंरचना का विकास | 2022-23 | 62.00 | 22.12.22 को प्रशासनिक अनुमोदन |
| त्रिपुरा | 35. | त्रिपुर सुंदरी मंदिर, उदयपुर का विकास | 2020-21 | 37.80 | 21.18 |
| उत्तराखंड | 36. | केदारनाथ का एकीकृत विकास** | 2015-16 | 34.77 | 34.77 |
| | 37. | प्रशाद योजना के तहत बद्रीनाथजी धाम (उत्तराखंड) में तीर्थयात्रा की सुविधा के लिए अवसंरचना का विकास | 2018-19 | 56.13 | 20.79 |
| | 38. | प्रशाद योजना के तहत उत्तराखण्ड में गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में तीर्थयात्रा अवसंरचना सुविधाओं में वृद्धि | 2021-22 | 54.36 | 14.06 |
| उत्तर प्रदेश | 39. | मेगा टूरिस्ट परिपथ (चरण II) के रूप में मथुरा - वृंदावन का विकास** | 2014-15 | 10.98 | 10.98 |
| | 40. | मथुरा जिले के वृंदावन में पर्यटक सूचना केन्द्र का निर्माण** | 2014-15 | 9.36 | 9.36 |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 41. | वाराणसी - चरण-। का विकास** | 2015-16 | 20.40 | 16.32 |
| | 42. | गंगा नदी, वाराणसी में क्रूज पर्यटन** | 2017-18 | 9.02 | 9.02 |
| | 43. | प्रशाद योजना - चरण ।। के तहत वाराणसी का विकास | 2017-18 | 44.60 | 31.77 |
| | 44. | गोवर्धन, मथुरा, उत्तर प्रदेश में अवसंरचना सुविधाओं का विकास | 2018-19 | 39.74 | 30.97 |
| पश्चिम बंगाल | 45. | बेलूर का विकास | 2016-17 | 30.03 | 23.39 |
| | | कुल | | 1586.10 | 858.37 |

** परियोजना का भौतिक निष्पादन पूरा हो चुका है।

## परियोजना का जितना कार्य पूरा हो गया उतना ही सम्पूर्ण घोषित कर दिया गया है और परियोजना को बंद कर दिया गया।

*****